# फतेहगढ़ पुलिस

## प्रेस नोट - कोतवाली फतेहगढ़

## दिनांक :-09.05.2024

**कोतवाली फतेहगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 95/2024 धारा-328/376/506/386/120B भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त किया गया गिरफ्तार।**

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर **श्री आलोक सिंह** के निर्देशन, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर **श्री जोगेन्द्र कुमार** के कुशल पर्यवेक्षण, **श्रीमान पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ श्री विकास कुमार** के मार्गदर्शन, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक **डा0 संजय सिंह** व श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर **श्री प्रदीप सिंह** के नेतृत्व में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस द्वारा नामजद अभियुक्त सतेन्द्र कुमार पुत्र संतोष कुमार निवासी नेकपुर कला कोतवाली फतेहगढ़ जनपद फतेहगढ़ को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



**अभियुक्त का नाम व पताः-**

1. सतेन्द्र कुमार पुत्र संतोष कुमार निवासी नेकपुर कला कोतवाली फतेहगढ़ जिला फतेहगढ़

**पूछताछ का विवरण:-** अभियुक्त ने पूछतांछ में वताया की वादिनी मेरी भाभी की चचेरी बहन है। जिस कारण मेरी जान पहचान वादिनी से हो गयी थी।वर्ष 2016 में मेरी फौज में नौकरी लग गयी। मै वर्ष 2017 में ट्रैनिंग के बाद छुट्टी आया तो मुझे वादिनी ने कानपुर बुलाया था हम लोग होटल में एक रूम में रुके थे तभी हम लोगों के बीच शारीरिक सम्बन्ध बने थे।वर्ष 2018 में मेरी शादी कही ओर हो गयी थी, किन्तु वादिनी मुझे मैसेज करती थी जिस कारण मेरी पत्नी से विवाद हो गया था और वह अपने मायके चली गयी थी। वर्ष 2021 में मेरे भाई नीतेश की शादी थी जिसमें वह अपने परिवार सहित आयी थी। तब हम लोगो के पुनः सम्बन्ध बने थे। किन्तु मेरे पास वादिनी का कोई अश्लील वीड़ियों या फोटो नही है। हम लोगों के सम्बन्ध होने के बाद वादिनी मेरे छुट्टी आने पर मेरे घर आती तथा मै भी उसके घर जाता था तो हम लोग साथ रहते थे और हम लोगों के बीच सम्बन्ध बनते थे

**घटना का विवरण:-** अभियुक्तगण द्वारा षड़यंत्र कर वादिनी को नशीली दवा खिलाकर अभियुक्त सतेन्द्र द्वारा वादिनी के साथ बलात्कार करना, वीडियो वायरल की धमकी देकर पैसे वसूलना वादिनी के प्रार्थना पत्र के आधार पर दिनांक 24.03.2024 को मु0अ0सं0 95/2024 धारा-376/328/506/386/120बी भादवि बनाम रामप्रकाश आदि 03 नफर के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया अभियोग में नामजद अभियुक्त सतेन्द्र कुमार पुत्र संतोष कुमार निवासी नेकपुर कला कोतवाली फतेहगढ़ जनपद फतेहगढ़ को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त सतेन्द्र कुमार उपरोक्त:-**

1- मु0अ0सं0 95/2024 धारा 376/328/506/386/120बी भादवि कोतवाली फतेहगढ़

**गिरफ्तार/बरामद करने वाली पुलिस टीम:-**

1. प्रभारी निरीक्षक हरि श्याम सिंह कोतवाली फतेहगढ़
2. हे0कां0 सचेन्द्र सिंह कोतवाली फतेहगढ़
3. कां0 आनन्द राव कोतवाली फतेहगढ़

**मीडिया सेल फतेहगढ़।**

# फतेहगढ़ पुलिस

**Meticulous Investigation & Prosecution**

**#OperationConviction**

**थाना जहानगंज**

**दिनांक- 09-05-2024**

श्रीमान पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ महोदय के निर्देशन में अभियुक्तों को सजा दिलाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारो को अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया गया था।

अभियुक्त गण संतोष कुमार उर्फ भूरे पुत्र श्रीराम 2. अरुण कुमार पुत्र श्रीराम 3. कमल कुमार पुत्र श्रीराम समस्त निवासी गण बदेपुर मजरा बहोरिकपुर थाना जहानगंज जनपद फर्रुखाबाद मु0अ0सं0- 15/1983 वाद स0- 335/2007 धारा- 147,323,149,325,436 भा0द0वि0 थाना जहानगंज जनपद फतेहगढ़ में पंजीकृत हुआ था जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्तगण के विरूद्ध आरोप पत्र मा0 न्यायालय में प्रेषित किया गया।

फतेहगढ़ पुलिस टीम/मानीटरिंग सेल एवं अभियोजन पक्ष तथा कोर्ट पैरोकार /कोर्ट मोहर्रिर के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुए **दिनांक 09.05.2024 को मा0 न्यायालय एडीजे -प्रथम कोर्ट फर्रूखाबाद द्वारा अभि0 संतोष कुमार को दोषसिद्ध कर 06 वर्ष का सश्रम कारावास व 57 हजार रुपये अर्थदण्ड व अरुण कुमार, कमल कुमार को 02-02 वर्ष का सश्रम कारावास व 17-17 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।**



एडीजीसी- श्रीमती दीपिका कटियार



कोर्ट मोहर्रिर हे0का0 कमल सिंह



पैरोकार हे0का0 शैलेन्द्र कुमार

# फतेहगढ़ पुलिस

**प्रेस नोट**

**<u>दिनांक :- 09.05.2024</u>**

## !! सामान्य लोकसभा चुनाव- 2024!!

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विकास कुमार के निर्देशन में सामान्य लोकसभा चुनाव- 2024 दिनांक 13.05.2024 चतुर्थ चरण के मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु विभिन्न जनपदों से आने वाली पुलिस फोर्स/होमगार्ड्स व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जनपद आगमन के उपरान्त जनपदीय पुलिस द्वारा उनके उपयोग में आने बाली आवश्यक सामग्री के साथ पुष्प गुच्छ देकर व फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया साथ ही साथ उनके ठहरने हेतु आवासीय व्यवस्था का उत्तम प्रबन्ध किया गया।**











फतेहगढ़ पुलिस

# फतेहगढ़ पुलिस

**प्रेस नोट**

**दिनांक :-09.05.2024**

## !! लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024!!

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विकास कुमार द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल, जोनल पुलिस फोर्स व अर्धसैनिक बल के साथ जनपद के नगर क्षेत्र सहित समस्त थाना क्षेत्रो के संवेदनशील स्थानों पर मतदाताओं को निडर होकर दिनांक 13/05/2024 को मतदान में प्रतिभाग करने के उद्देश्य से एरिया डोमिनेशन/रूट मार्च कर उनमें सुरक्षा का भाव जाग्रत किया l #Fatehgarhpolice



श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विकास कुमार के नेतृत्व में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल द्वारा जोनल पुलिस फोर्स व अर्धसैनिक बल के साथ जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों के संवेदनशील स्थानों पर मतदाताओं को निडर होकर मतदान में प्रतिभाग करने के लिये एरिया डोमिनेशन/रूट मार्च कर उनमें सुरक्षा का भाव जाग्रत किया । **#Fatehgarhpolice**




फतेहगढ़ पुलिस